जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2023/ 37

दिनांक : 10.01.2023

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या

अग्रणी एवं उत्कृष्ट महाविद्यालय

जिला- भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, दतिया, श्योपुर

जिला ग्वालियर हेतु- विज्ञान विषय के लिय-शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, ग्वालियर

आर्ट, वाणिज्य एवं गृह विज्ञान विषय हेतु - माधव महाविद्यालय, ग्वालियर

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

संशोधित आवश्यक सूचना

विषयः- **वार्षिक पूरक परीक्षा सितम्बर, 2022 के प्रायोगिक परीक्षा के अंक भेजने के संबंध मे्ं ।**

महोदय/महोदया,

कृपया मेरे पूर्व पत्र क्रमांक/जीवि/परीक्षा-02/गोपनीय/2022/**35**/ दिनांक 27.12.2022 का अवलोकन करें । जिसमें सभी अग्रणी महाविद्यालयो के प्राचार्य/प्राचार्या से अनुरोध किया गया था कि वे अपने जिले के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयो के परीक्षार्थियो की प्रायोगिक परीक्षा अपने यहाँ के परीक्षा केन्द्र पर आयोजित करें । उम्मीद है कि आपका इस संबंध में अपेक्षित सहयोग प्राप्त होकर प्रायोगिक परीक्षाऐं सम्पन्न हो चुकी होगीं । सम्पन्न प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय को Online प्राप्त हो इस हेतु यह व्यवस्था दी जाती है, कि आपके अग्रणी महाविद्यालय के परीक्षा केन्द्र पर **जिन-जिन महाविद्यालयों के** परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न हुई है उनके अंक परीक्षार्थियों के संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य को सीलड लिफाफे में प्रेषित करें । जिससे संबंधित महाविद्यालय इन अंकों को Online विश्वविद्यालय को भेज सके। मुझे आशा है कि आपका इस संबंध में पुनः अपेक्षित सहयोग प्राप्त होगा ।

नोटः- **समस्त अग्रणी एवं उत्क्रष्ट महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या यह सुनिश्चित कर लें कि उनके जिले के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालय के छात्र/छात्रा उक्त प्रायोगिक परीक्षा देने से बंचित तो नही रह गये हैं । अतः ऐसे बंचित छात्र/छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु एक अवसर पुनः देते हुए दिनांक 20/01/2023 तक सम्पादित करवाकर अंक सील्ड लिफाफे में बंद कर अपने जिले के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयो को भेजना सुनिश्चित करें ताकि संबंधित महाविद्यालय इन अंकों को M.P. ONLINE पोर्टल पर आवश्यक रुप से Update कर सके ।**

10/1/23

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1.समस्त, संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में प्रसारित करने हेतु।

2.कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

3.कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

4.उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

5.श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)